हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी

मिशन शक्ति

रिपोर्ट

<u>सत्र- 2022-23</u>

संयोजक- प्रो० ऋचा सिंह

(प्रभारी, हिन्दी विभाग)

Harish Chandra P.G. College
Maidagin, Varanasi

हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी

आज दिनांक 04-05-2022 को उ० प्र० सरकार द्वारा प्रायोजित 'मिशन शक्ति' के तहत " घरेलू हिंसा: महिलाओं की सुरक्षा" विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ० पूनम सिंह (डी० ए० वी० स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी) ने अपने महत्वपूर्ण वक्तव्य में कहा कि शिक्षा और समुचित संस्कारों का ना मिलना घरेलू हिंसा हेतु उत्तरदायी प्रमुख कारण हैं।संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० रजनीश कुंवर ने एवं धन्यवाद ज्ञापन मिशन शक्ति कार्यक्रम की संयोजक प्रो० ऋचा सिंह ने किया।

इसी क्रम में दिनांक 10-05-2022 को “1857 की महान क्रांति में महिलाओं की भूमिका” विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो० विश्वनाथ वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं की आर्थिक दशा ने उन्हें इस स्वाधीनता संग्राम में भाग लेने को प्रेरित किया।

उक्त श्रृंखला में ही दिनांक 15-05-2022 को “ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस: बदलते परिवेश में परिवार की भूमिका एवं दायित्व” विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आईं डॉ० स्वप्निल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान परिवेश में सोशलमीडिया की बढ़ती उपयोगिता ने भी परिवारों के विघटन में भूमिका निभाई है।

दिनांक 25-05-2022 को ‘ मानव स्वास्थ्य और थायराइड का प्रभाव’ (महिलाओं के विशेष संदर्भ में) विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ० मधुलिका पाण्डेय (शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय कबीर चौरा वाराणसी) ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं में थायराइड एक प्रमुख घटक के रूप में कार्य करता है।

दिनांक 18-06-2022 को ‘लक्ष्मीबाई शहीदी दिवस’ के अवसर पर “ सन् 1857 की क्रांति में वीरांगना लक्ष्मीबाई की भूमिका’ विषय पर डॉ० कुसुम यादव ने लक्ष्मीबाई के महान स्वाधीनता संग्रामी व्यक्तित्व पर बात करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ' विशेष योग शिविर' का आयोजन किया गया। जिसमें जीवन में योग की महत्ता और उपादेयता को रेखांकित किया गया।

11 जुलाई 2022 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर "जनसंख्या विस्फोट एवं खाद्य सुरक्षा" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि जनसंख्या विस्फोट में अशिक्षा और जागरूकता की कमी प्रमुख रूप से उत्तरदायी है।



दिनांक 01 से 07 अगस्त तक ' विश्व स्तनपान सप्ताह' पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दिनांक 26 अगस्त 2022 को ' महिलाओं में उद्यमिता का विकास' विषयक संगोष्ठी में डॉ० सोनल सिंह ने कहा कि आज महिलाएं देश विदेश में उद्यमिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहीं हैं।

29 अगस्त 2022 को खेल दिवस के अवसर पर ' हमारे जीवन में खेलों का महत्व' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें खेलों की जीवन में बहुआयामी उपयोगिता को रेखांकित किया गया।

Harish Chandra P.G. College
Maidagin, Varanasi

प्रो० ऋचा सिंह

संयोजक

(मिशन शक्ति)